पत्र संख्या RU/INT-3/12/2022 दिनांक 19/12/2022

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष , विभागाध्यक्ष

(महत्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर)

समस्त प्राचार्य, म . ज्यो. फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय- वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली इंटर्नशिप के सन्दर्भ में ।

महोदय,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष/ हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या प०- 408 /32-18 (सामान्य), दिनांक, -7/12/2022 के क्रम में सूच्य है कि वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों/ शोधकर्ताओं को अन्य विषयों के साथ वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान, विधि (LAW) पर्यावरण, वानिकी, एवं वन्य जीवों से सम्बंधित विषयों पर भी शिक्षा प्रदान की जाती है। उक्त विषयों पर 05 स्नातक विद्यार्थियों/ शोधकर्ताओं के लिए एक माह एवं परास्नातक विद्यार्थियों / शोधकर्ताओं के लिए 03 माह का फील्ड का व्यावहारिक अनुभव / ज्ञान की सुविधा प्रदान करने के सम्बन्ध में वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा 01 जनवरी, 2023 से इंटर्नशिप प्रदान किया जा रहा है ।

अतः आपको सूचना के साथ अनुरोध है कि अपने संकाय /विभाग / महाविद्यालय में अध्ययनरत इच्छुक विद्यार्थियों/ शोधकर्ताओं को उक्त इंटर्नशिप के सम्बन्ध में अवगत कराने, तथा इच्छुक विद्यार्थियों / शोधकर्ताओं द्वारा दिनांक 31/12/ 2022 तक आवेदन पत्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

इस इंटर्नशिप से सम्बंधित विस्तृत जानकारी के लिए http://upforest.gov.in पर उपलब्ध है ।

(विमल कुमार)

संयोजक, प्रशिक्षु कार्यक्रम

प्रतिलिपि

निजी सचिव कुलपति , माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ

वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव महोदय